दिनांकः 27.09.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत भविष्य में दूरसंचार प्रौद्योगिकी का वैश्विक केन्द्र बनेगा।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा–राजस्थान में बीएसएनएल के 5 हजार 655 4–जी टावर स्थापित किए गए।
- प्रधानमंत्री कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के **मन की बात** कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेगें।
- प्रदेश में विश्व पर्यटन दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ओडिशा के झारसुगुड़ा में साठ हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। ये परियोजनाएँ दूरसंचार, रेलवे, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कौशल विकास, ग्रामीण आवास सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी हैं। प्रधानमंत्री ने बीएसएनएल द्वारा स्थापित 97 हजार पांच सौ से अधिक नए 4जी मोबाइल टावरों का भी शुभारंभ किया, जिनमें नवीनतम 4जी तकनीक वाले 92 हजार छह सौ टावर शामिल हैं और लगभग 37 हजार करोड़ रुपये की लागत से निर्मित ये टावर पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक का उपयोग करते हैं। श्री मोदी ने कहा कि भारत 2जी, 3जी और 4जी तकनीकों के विकास में पिछड़ गया था और इस क्षेत्र में विदेशी तकनीक पर निर्भर था। यह उपलब्धि भारत को उन कुछ देशों में शामिल करती है जो अपने स्वयं के दूरसंचार नेटवर्क का निर्माण और समर्थन करने में सक्षम हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत भविष्य में दूरसंचार प्रौद्योगिकी का वैश्विक केंद्र बनेगा। श्री मोदी ने कहा कि बीएसएनएल ने अपनी कड़ी मेहनत और विशेषज्ञता से इतिहास में एक नया अध्याय लिखा है। उन्होंने कहा कि 30 हजार गांवों को जल्द ही हाई–स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी मिलेगी, जिससे पूरे देश में डिजिटल समावेशन को बढ़ावा मिलेगा।

----------------

प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़ते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि बीएसएनएल (ठैछस्) के स्वदेशी 4जी नेटवर्क का शुभारंभ नवाचार और आत्मनिर्भरता की ओर भारत के बढ़ते कदम दर्शाते हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि पूरे देश में स्थापित किए गए 4 जी टावर्स में से 5 हज़ार 655 टावर राजस्थान में स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में डिजिटल इण्डिया का लाभ देश के हर कोने तक पहुंचाया जा रहा है।

------------------

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 4 जी सेवा के लाभार्थियों से वर्चुअल माध्यम से संवाद भी किया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। इस रेडियों कार्यक्रम की यह 126 वीं कड़ी होगी। ये कार्यक्रम सुबह 11 बजे आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा। साथ ही आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट, न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप, आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी ये कार्यक्रम उपलब्ध रहेगा। इसकी लाइव स्ट्रीमिंग ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्ज़ पर भी मिलेगी।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा है कि समाज में शांति एकता और विश्वास को बढ़ावा देने में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होने आज सिरोही जिले के आबूरोड में ब्रहमकुमारी संस्थान में राष्ट्रीय मीडिया महासम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ भी बोलते हैं, जो लोकतंत्र की जड़ों को सींचकर सदा हरा रखने का काम करता है। महासम्मेलन में देशभर से 1500 से अधिक प्रिंट, इलेक्ट्रानिक, रेडियो और वेब मीडिया से जुड़े पत्रकार, संपादक भाग ले रहे हैं।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत विज़न के तहत, पाली में कल से दो दिवसीय मेला शुरू हो रहा है। इसका आयोजन लघु उद्योग भारती के माध्यम से किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना और महिलाओं का आर्थिक विकास करना है। इस मेले में आत्मनिर्भर महिलाओं द्वारा विभिन्न उत्पादों की दुकानें लगाई जाएंगी। इसमें वोकल फोर लोकल आधार पर विभिन्न राज्यों के शिल्पकारों और कुटीर उद्योगों से जुड़े उत्पाद, जैसे अचार, पापड़, शहद, हस्तशिल्प, कपड़े, और ऊँटनी का दूध और अन्य उत्पाद उपलब्ध होंगे। यह मेला स्थानीय उत्पादों को बाज़ार तक पहुँचाने और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में मदद करेगा।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीवनी पर आधारित फिल्म **''चलो जीते हैं''** दर्शकों का ध्यान खींचने के साथ ही उन्हें प्रेरित भी कर रही है। उदयपुर के एक दर्शक प्रेम सिंह ने फिल्म देखने के बाद बताया कि इस फिल्म से देश के सभी लोगों को बहुत कुछ सीखना चाहिए।

------------------

000

प्रदेश में आज विश्व पर्यटन दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों के लिये विशेष कार्यक्रम आयोजित किये गये। दौसा में दो दिन के आभानेरी उत्सव में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि आभानेरी उत्सव न केवल हमारी संस्कृति की पहचान को मजबूत करता है बल्कि लोक कलाकारों को भी मंच प्रदान करता है। इसी क्रम में भरतपुर के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान और राजकीय संग्रहालय में देशी–विदेशी पर्यटकों का शहनाई वादन से स्वागत किया गया। इस दौरान लोक कलाकारों ने आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं। अलवर में राजकीय संग्रहालय में पर्यटकों का पारंपरिक स्वागत किया गया और प्रवेश निशुल्क रखा गया। भपंग वादन की प्रस्तुति ने लोक संस्कृति को उजागर किया। सरिस्का क्षेत्र में **'जीरो प्लास्टिक ड्राइव'** चलाई गई। जैसलमेर में ऐतिहासिक गड़ीसर चौराहे पर अंतरराष्ट्रीय कलाकारों ने पारंपरिक गायन–वादन से पर्यटकों का स्वागत किया। करौली के ऐतिहासिक स्थलों पर भी पर्यटकों की भीड़ देखने को मिली। अजमेर सहित अन्य जिलों में भी पर्यटन स्थलों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों और स्वच्छता अभियानों का आयोजन किया गया।

000

प्रदेश के वन्य जीव अभ्यारण्य मानसून के दौरान बंद रहने के बाद एक अक्टूबर से पर्यटकों के लिए फिर खुल जायेंगे। राष्ट्रीय अभ्यारण्य सरिस्का, केवलादेव और रणथम्भौर में इसके लिये विशेष तैयारियां की जा रही हैं। रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान में वन विभाग और पर्यटन व्यवसायियों की ओर से जोर–शोर से काम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। हमारे सवाईमाधोपुर संवाददाता ने बताया कि नए पर्यटन सत्र को लेकर स्थानीय लोगों और पर्यटकों में खासा उत्साह है।

------------------

000

बाँसवाड़ा जिले में 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' के तहत महिलाओं और किशोरियों को स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है। स्वास्थ्य शिविरों में हीमोग्लोबिन की जाँच अनिवार्य रूप से की जा रही है, और साथ ही टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित किए जा रहे हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. खुशपाल सिंह राठौड़ ने छोटी सरवन सीएचसी में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। भरतपुर जिले में भी इस अभियान के तहत महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी जाँच कराई जा रही है। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव कपूर ने बताया कि यह राष्ट्रव्यापी अभियान 2 अक्टूबर तक चलेगा।

--------------------

000

राज्य के विभिन्न जिलों में आज ग्रामीण सेवा शिविरों का आयोजन किया गया। सवाईमाधोपुर जिला कलेक्टर काना राम ने ग्राम पंचायत लाखनपुर और बपूई में आयोजित शिविरों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने आमजन से संवाद किया और लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रमाण पत्र और सहायता वितरित की। अतिरिक्त जिला कलेक्टर करौली में संभागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी ने ग्राम पंचायत जटनगला में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के निर्देश दिए। भीलवाड़ा में सेवा पखवाड़ा के तहत उद्योग और खादी प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। पाली के गुंदोज में जागरूकता रैली निकाली गई।

000

केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म को लेकर आमजन और व्यापारियों को जागरूक करने के लिए विभिन्न जिलों में कार्यक्रम हुए। सवाईमाधोपुर में यह आयोजन जिला प्रशासन और वाणिज्यिक कर विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मानटाउन क्लब में हुआ। जहाँ देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना ने कहा कि जीएसटी सुधार का निर्णय ऐतिहासिक है और इससे आमजन को अधिक लाभ मिलेगा। वहीं, जैसलमेर के मोहनगढ़ में जीएसटी बचत उत्सव के प्रचार के लिए पदयात्रा हुई। विधायक छोटू सिंह भाटी ने जीएसटी सुधारों के माध्यम से आम उपभोक्ताओं को सस्ती दरों पर वस्तुएं मिलने की बात कही और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग की अपील की।

000